दिनांक : 03/03/2026
समय :7.10एएम
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- पश्चिम एशिया में मौजूदा आक्रामक घटनाक्रम को देखते हुए नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने निर्धारित 357 उड़ानें रद्द कीं।
- बड़वानी जिले में मंत्रि परिषद की पहली कृषि कैबिनेट, 27 हजार 500 करोड़ रुपए की मिली मंजूरी।
- प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों और पेंशनर्स को तीन प्रतिशत बढ़कर मिलेगा महंगाई भत्ता, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की घोषणा।
- प्रदेषभर में किया गया होलिका दहन, आज चंद्रग्रहण, कल मनेगा होली का महापर्व।

विमानन - उड़ानें रद्द

पश्चिम एशिया में मौजूदा आक्रामक घटनाक्रम को देखते हुए नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने निर्धारित 357 उड़ानें रद्द कर दी हैं। मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए क्षेत्र की स्थिति पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। मंत्रालय ने कहा कि यात्री सहायता नियंत्रण कक्ष (पीएसीआर) के माध्यम से यात्रियों की शिकायतों की निगरानी की जा रही है और प्राथमिकता के आधार पर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। साथ ही इस अवधि के दौरान एयरसेवा, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और समर्पित हेल्पलाइन के माध्यम से एयरलाइंस और संबंधित हितधारकों के समन्वय से कुल 559 शिकायतों का समाधान किया गया है। मंत्रालय ने यात्रियों को रद्द और पुनर्निर्धारित उड़ानों के बारे में सटीक जानकारी के लिए आधिकारिक एयरलाइन चैनल देखने की सलाह दी है। यात्रीगण, अधिक सहायता के लिए मंत्रालय के पीएसीआर हेल्पलाइन नंबर 011-24604283 या 011-24632987 पर संपर्क कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी - पश्चिम एशिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सऊदी अरब के शहजादे और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान से टेलीफोन पर बातचीत के दौरान पश्चिम एशिया की बदलती स्थिति पर चर्चा की। श्री मोदी ने सऊदी अरब पर हुए हालिया हमलों की निंदा की और हमलों को संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन बताया। सोशल मीडिया पर पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हैं कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली अत्यंत आवश्यक है।

कृषि कैबिनेट

प्रदेश के बड़वानी जिले के नागलवाड़ी में कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में पहली कृषि कैबिनेट हुई। बैठक में कृषि, सिंचाई, पशुपालन, मत्स्य, उद्यानिकी और सहकारिता से संबंधित 27 हजार 500 करोड़ रुपए की विभिन्न योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई। कृषि कैबिनेट में नर्मदा नियत्रंण मण्डल की बैठक में बड़वानी जिले की 2 सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण के लिए 2 हजार 68 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति भी प्रदान की गई है। इन योजनाओं में स्वीकृत की गई राशि अगले 5 वर्षों में व्यय की जायेगी। मंत्रि-परिषद ने मध्यप्रदेश एकीकृत मत्स्य उद्योग नीति-2026 को स्वीकृति दी। इसमें अगले 3 वर्षों तक 3 हजार करोड़ रुपए का निवेश एवं प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लगभग 20 हजार रोजगार सृजित होंगे। इस नीति में 18 करोड़ 50 लाख रुपए के बजट प्रावधान की स्वीकृति दी गई।

ऑपरेशन वाइल्ड लाइफ ट्रैप-2

वन्य-जीवों की सुरक्षा के लिये प्रदेश में चलाये गये राज्य स्तरीय ऑपरेशन वाइल्ड लाइफ ट्रैप-2 के दौरान 659 वन अपराध प्रकरणों में 290 आरोपी गिरफ्तार किये गये। इसके साथ ही 224 वाहन और 409 वन्य-जीव अवयव जब्त किये गये।

शिक्षा का अधिकार-प्रवेश ऑनलाइन

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च से प्रारंभ होंगे। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च निर्धारित की गई है। आर.टी.ई पोर्टल पर

ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रारूप एवं निर्देश उपलब्ध कराये गए हैं। निजी विद्यालय में निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदकों का चयन, ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से 2 अप्रैल को किया जायेगा।

महंगाई भत्ता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के शासकीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की वृद्धि का ऐलान किया है। इस बढ़ोतरी के बाद कर्मचारियों को 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। प्रदेश में छह लाख से अधिक नियमित कर्मचारी हैं। यह बढ़ोतरी जुलाई 2025 से प्रभावी मानी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेंशनर्स को भी जनवरी से फरवरी 2026 की पेंशन में 58 प्रतिशत का महंगाई भत्ता दिया जाएगा।

अधिकारी-कर्मचारी निर्णय

राज्य शासन ने प्रदेश के कोष एवं लेखा विभाग के सभी अधिकारियों को किराए पर वाहन की सुविधा का लाभ देने की अनुमति प्रदान कर दी है। राज्य शासन ने कोष एवं लेखा विभाग के अधिकारियों की वर्षों पुरानी इस मांग को स्वीकार कर लिया है। इस संबंध में वित्त विभाग म.प्र. शासन द्वारा कल आदेश भी जारी कर दिए हैं। अब कोष एवं लेखा विभाग के अधीन सभी अधिकारी आगामी 1 अप्रैल से किराए पर वाहन की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

विद्युत समाधान योजना

प्रदेश में समाधान योजना के द्वितीय और अंतिम चरण को 31 मार्च तक बढ़ा दिया गया है। पूर्व में यह योजना 28 फरवरी तक लागू थी। समाधान योजना में तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ताओं को एकमुश्त राशि जमा करने पर 90 प्रतिशत तक सरचार्ज में छूट का लाभ दिया जा रहा है।

होली

प्रदेश भर में आज से रंगोत्सव पर्व होली धूमधाम से मनाई जा रही है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी हैं। प्रदेश भर में कल देर रात होलिका दहन किया गया। आज चंद्रग्रहण के कारण कई स्थानों पर होली नहीं खेली जाएगी। रंगोत्सव कल धूमधाम से मनाया जाएगा।  इस बार पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता का संदेश देने के लिए होलिका दहन में पारंपरिक लकडी की जगह गौकाष्ठ का उपयोग किया गया।

होलिका दहन-प्रदेश

राजधानी भोपाल में डेढ हजार से अधिक स्थानों पर होलिका दहन के कार्यक्रम हुए। षहडोल जिले में आदिवासी समाज द्वारा अपनी संस्कति और परंपराओं के साथ होलिका दहन किया गया। खंडवा शहर में पिछले 25 वर्षों से नशामुक्ति का संदेश देने के लिए विशेष होलिका दहन किया गया। कल देर शाम शहर के घंटाघर चौक पर गोकाष्ठ से निर्मित होलिका में पान मसाला, तंबाकू उत्पाद और बीड़ी-सिगरेट जैसी नशीली वस्तुओं का दहन कर समाज को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। आगरमालवा जिले में भी सैंकड़ो स्थानों पर आज तड़के होलिका दहन किया गया। वहीं चन्द्रग्रहण के चलते होली नही खेली जाएगी। परन्तु शोक के घरों परिवारों में रंग ढालने की प्रथा का निर्वहन किया जाएगा। जिले में होलिका दहन एवं धुरेंडी पर्व के दौरान शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने 550 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारी तैनात किये गये हैं। पन्ना जिले के शाहनगर में शुभ मुहूर्त में कस्बे के प्रमुख चौराहे  पर होलिका दहन किया गया। शिवपुरी जिले के ब्लॉक कोलारस अंतर्गत ग्राम राजगढ़ और डेहरवारा में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से गौकाष्ठ आधारित होलिका दहन उत्सव आयोजित किया गया। राजगढ़ जिले के ब्यावरा में रंगों का महापर्व होली परंपरागत विधि-विधान के साथ मनाया जा रहा है। कल देर रात नगर सहित आसपास के गांवों में श्रद्धा और आस्था के साथ होलिका दहन किया गया। मंगलवार को धुलेड़ी पर्व मनाया जाएगा। भोपाल में ’निर्माण परिवर्तन की ओर’ समिति ने आर्य समाज मंदिर में एक विशेष रंगोत्सव का आयोजन किया। आयोजन के लिए विभिन्न बस्तियों से आमंत्रित किए गए 100 से अधिक बच्चे आर्य समाज मंदिर के प्रांगण में एकत्रित हुए। बच्चों ने न केवल एक-दूसरे को गुलाल लगाया, बल्कि ’फूलों की होली’ खेलकर अपनी संस्कृति के एक सुंदर रूप का अनुभव किया।

मनोरंजन कर से मुक्त

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-आरएसएस के 100 वर्षों के सफर पर बनी हिंदी फिल्म ’शतकः संघ के 100 वर्ष (2026)’ को मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य में मनोरंजन कर से मुक्त घोषित कर दिया है।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि फिल्म यह संदेश देती है कि संगठित विचार, चरित्र निर्माण और सेवा भाव से ही एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण हो सकता है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

- खंडवा में आज चंद्रग्रहण के कारण ओंकारेश्वर और ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक बंद रहेंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी के अनुसार मंदिरों के शुद्धिकरण के बाद रात्रि 8 बजे से दर्शन पुनः प्रारंभ होंगे।
- पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने होली पर्व के दौरान ट्रेनों में भीड़ को देखते हुए विशेष प्रबंध लागू किए हैं। रानी कमलापति स्टेशन भोपाल, इटारसी जंक्शन और बीना जंक्शन सहित मंडल के बड़े स्टेशनों पर स्टाफ और सुरक्षा कर्मियों की अतिरिक्त तैनाती की गई है।
- बैतूल में युवा संगम के तहत रोजगार, स्वरोजगार एवं प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप रोजगार मेले का आयोजन 11 मार्च को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सदर में किया जाएगा।
- डिंडोरी में जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक का आयोजन जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में घायलों के लिये संचालित कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम के बेहतर क्रियान्वयन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए।

-------------